# नपा मकरोनिया को 31 तक का समय

## जलकर की बकाया राशि 7 करोड़ जमा करना होगी, एमआईसी की बैठक में लिए गए अनेकों निर्णय

नवभारत न्यूज

**सागर 18 नवम्बर. मेयर-इन-काउंसिल की बैठक महापौर श्रीमती संगीता तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें नगर विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिये गए.**



बैठक में मुख्यमंत्री मछुआ समृध्दि योजना अंतर्गत स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण कार्य हेतु काकागंज वार्ड श्मशानघाट एवं एम.आर.एस.सेंटर के बाजू से रिक्त भूमि पर फिश पार्लर निर्माण के संबंध में स्वीकृति प्रदान की गई. नगर निगम का पुराना रिकार्ड रूम पुरानी बिल्डिंग में है, रिकार्ड को सुरक्षित, व्यवस्थित रखने एवं रिकार्ड का डिजीटीलाईजेशन करने के संबंध में निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि काकागंज वार्ड स्थित फायर स्टेशन की बिल्डिंग में पर्याप्त जगह है, नगर निगम का रिकार्ड रूम फायर स्टेशन बिल्डिंग में शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया. जलप्रदाय योजना अंतर्गत मकरोनियाँ नगर पालिका को 1 अप्रैल 2024 से बल्क में जलप्रदाय किया जा रहा है, जिसकी अक्टूबर माह तक की बकाया राशि बल्क कनेक्शन लगभग रू. 7 करोड़ बकाया है, जिसकी वसूली हेतु अनेकों पत्र एवं व्यक्तिगत संपर्क किया गया, राशि अप्राप्त है. जलकर वसूली के संबंध में निर्णय लिया गया कि राशि जमा करने हेतु 1 जनवरी 2026 का समय दिया जावे. शासन द्वारा चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से कटौतीकर ननि को राशि देने हेतु पत्र भेजा जावे.

आवास योजनाओं के अंतर्गत निर्मित कराये गये आवासों में नल कनेक्शन लगे हुये है जो नगर निगम रिकार्ड में स्वीकृत नहीं है, जिससे जलकर की वसूली नहीं हो पा रही है. आवास आवंटित दिनांक से नल कनेक्शन रिकार्ड में दर्ज कर जलकर वसूली करने के संबंध में निर्णय लिया गया कि आवंटन दिनांक से जलकर की राशि ली जावे, 3 दिवस में राजस्व अधिकारी डिमांड बनाकर प्रस्तुत करें. बैठक में विनोद तिवारी, शैलेन्द्र ठाकुर, अनूप उर्मिल, धर्मेन्द्र खटीक, रूपेश यादव, मेघा दुबे, राजकुमार पटैल, श्रीमति कंचन जडिया, संगीता जैन, उपायुक्त एस.एस.बघेल, सहायक स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत, उपयंत्री रामाधार तिवारी, दिनकर शर्मा, आशिमा तिर्की, बबलेश साहू, आयुष शुक्ला मौजूद रहे.

## पटवारी निलंबित

**सागर.** जैसीनगर एसडीएम रोहित वर्मा ने एसआईआर कार्य में लापरवाही करने पर पटवारी श्रीमती माधुरी दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया. एसआईआर कार्य के दौरान जय जैसीनगर के सीओ द्वारा निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम तालचिरी, पटवारी हल्का नंबर 47, तहसील जैसीनगर में पदस्थ पटवारी श्रीमती दुबे अनुपस्थित पाई गईं. बताया गया कि एसआईआर कार्य में बीएलओ को सहयोग प्रदान करने के पूर्व निर्देशों के बावजूद श्रीमती दुबे द्वारा न तो ग्राम में उपस्थित रहकर कार्य किया जा रहा था और न ही बीएलओ के साथ ई-एफ फार्म का डिजिटाइजेशन/कलेक्शन कराने में कोई भी सहयोग नहीं किया जा रहा था. प्रतिवेदन के अनुसार श्रीमती माधुरी दुबे का उक्त पदीय दायित्वों का दुरुपयोग माना गया है.

# किसानों से धोखाधड़ी पर एफआईआर कराई

## बगैर लाइसेंस के बेच रही थी कंपनी खाद, पत्थर-कंकड़ मिले खाद में जांच के दौरान

नवभारत न्यूज

**सागर 18 नवम्बर. गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड मकरोनिया के खिलाफ कृषकों की शिकायत पर कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा कंपनी की जांच की गई.**

जांच के दौरान पाया गया कि गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक लवलेश सिंह राजपूत, शोभाराम लोधी एवं सलिल दुबे एवं उनके कुछ कर्मचारी आशीष चौबे, राजकुमार सेन द्वारा बिना लाइसेंस के प्रोम एवं जाइम जैसी खाद का क्रय-विक्रय किया जा रहा है. ग्राम चनौआ एवं ग्राम रतनपुरा गढ़ाकोटा में कई किसानों के फील्ड पर कृषि विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया और किसानों के कथन भी लिए गए. जांच में प्रथम दृष्टया कंपनी द्वारा प्रोम एवं जाइम खाद का विक्रय किया जा रहा है, जिसमें कंकर-पत्थर मिक्स पाया गया है, साथ ही जो जाइम लिक्विड फॉर्म में किसानों को बेचा गया है, किसानों द्वारा बताया गया कि इसका भी परिणाम अच्छा नहीं है.



कृषक जिनमें चनौआ से रामजी विश्वकर्मा, चुरामणि कुर्मी, मोहन विश्वकर्मा, ग्राम रतनपुरा गढ़ाकोटा के कृषक घासीराम कुर्मी, अनिल कुर्मी एवं अन्य के द्वारा बताया गया कि लाखों रुपये का खाद खरीदने के बाद भी परिणाम अच्छा नहीं है, जिसकी वजह से हम सभी किसान शिकायत कर रहे हैं. कृषि विभाग की टीम द्वारा कृषकों के पास उपलब्ध खाद के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेज दिए गए हैं. साथ ही गोल्डन फार्मर ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में वैधानिक दस्तावेज जैसे लाइसेंस इत्यादि न होने की वजह से फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985 की धारा 7 एवं एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट की धारा 3/7 के तहत पुलिस प्राथमिकी एफआईआर दर्ज कराई गई.

## एक नजर में



### बीएलओ कर रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण

**रहली.** नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है, जिसमें बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं से फॉर्म में जानकारी भरवा रहे हैं. बीएलओ कमल ने बताया कि घर-घर जाकर मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है, निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए फॉर्म में जानकारी संकलित की जा रही है. उन्होंने बताया 2003 की मतदाता सूची से मिलान कर मतदाताओं को लिंक किया जा रहा है.




### यारा फाउंडेशन ने निकाली शांतिपूर्वक रैली

**सागर.** यारा फाउंडेशन के वॉलंटियर्स ने सिविल लाइंस चौराहा तक शांतिपूर्ण रैली निकाली. उन्होंने बताया कि वॉलंटियर्स अपने स्वयं के खर्चे पर पिछले दो वर्षों में 300 से अधिक मादा और नर कुत्तों की नसबंदी करा चुके हैं और 400 से अधिक स्ट्रे डॉग्स को एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवा चुके.



### पढ़ने-लिखने के बजाए सड़क पर बेच रहे पेन

**सागर.** स्ट्रीट चिल्ड्रन की सूचना प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत सिंह राजपूत द्वारा विभागीय टीम को भेजकर जिले के विभिन्न चौराहों, दुकानों, मंदिरों में ऐसे बच्चों के सर्वे हेतु निर्देश दिए गए. सर्वे टीम को सिविल लाइन चौराहे पर 2 बच्चों को पकड़ा गया जो कि अपनी माता के साथ पेन बेच रहे थे. टीम द्वारा बच्चे के माता पिता के घर जाकर उन्हें समझाइश एवं अंतिम चेतावनी दी गई. टीम में विशेष किशोर पुलिस इकाई से ज्योति तिवारी, म.बा.वि अनुराग मौर्य, वर्षा सूर्यवंशी उपस्थित रहीं.

### पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर कार्यक्रम आज

**रहली.** नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्रीइंदिरा गांधी के जन्म जयंती 19 नवम्बर को प्रियदर्शिनी इंदिरा काम्पलेक्स नपा में स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया है. नगर अध्यक्ष दीपक जैन ने यह जानकारी दी.

### श्रीमती प्रेम बाई का निधन

**रहली.** वार्ड 5 निवासी स्व: कड़ोरी लाल अहिरवार पटवारी की धर्म पत्नी एवं शिक्षक हेमंत चौधरी, अशोक, वीरेंद्र मासाब, संतोष, सुरेंद्र अहिरवार की माँ श्रीमति प्रेम बाई का निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार सुरई मुक्तिधाम रहली से किया गया.

# बिनैका स्कूल का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**बंडा 18 नवम्बर.डीईओ अरविंद जैन की टीम द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिनैका का निरीक्षण किया गया.**

निरीक्षण टीम में सागर से आए जिला व्यवसायिक समन्वयक मनीष शर्मा, गर्ल्स स्कूल बंडा के प्राचार्य संतोष चौरसिया ने बिनैका स्कूल पहुंचकर व्यावसायिक ट्रेड आई.टी. एवं इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर लेब का बारीकी से निरीक्षण किया एवं व्यावसायिक ट्रेनर को निर्देश दिए. निरीक्षणकर्ताओं ने प्राचार्य एनपी आठिया से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली एवं स्टॉफ को समय से विद्यालय में उपस्थित होने की बात कही.

# पांडुकशिला पर 1008 कलशों से अभिषेक

नवभारत न्यूज

**सागर 18 नवम्बर. पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि सत्य का साथ नही छोड़ना, सत्ता तो आती जाती रहती है. सत्य साथ रहेगा तो सत्ता अपने आप वापस आ जावेगी.**



यह बात आचार्य श्री ने सिरोंजा स्थित शांतिधाम मे नवनिर्मित शांतिनाथ जिनालय के पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव में जन्म कल्याणक पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही. जन्म कल्याणक पर पाडुंकशिला पर 1008 कलशों से अभिषेक हुआ. धर्म सभा में विधायक शैलेंद्र जैन भी उपस्थित हुए. आचार्य श्री ने कहा कि सम्यक दृष्टिजीव का स्त्री पर्याय मे जन्म नही होता, हमेशा श्रृद्धा सम्यक रखे, जब तक रोगन है तब तक अगरबत्ती की सुगंध आती है, जब पुण्य का रोगन है तब तक पास आते है. आचार्य श्री ने कहा कि राजा को अपने कुनबे मे नजदीकी नही रखना चाहिए, जो कि आपके अधिकार को सीखने का प्रयास करेगा. आचार्य श्री के सानिध्य मे अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा का नैमित्तिक अधिवेशन महोत्सव स्थल पर संपन्न हुआ.

## तीन आरोपी गिरफ्तार

**सागर.** मोतीनगर थाना पुलिस ने ईतवारी टोरी में घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने वाले तीन आरोपियों को मोतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस मिली जानकारी के अनुसार फरियादी सुलभ उर्फ ईशान यादव इतवारी वार्ड घुसयाना फर्श द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी अंकित घोषी से पूर्व से रंजिश चल रही है. फरियादी घर पर था तभी अंकित घोषी अपने अन्य साथियों के साथ फरियादी के घर के सामने पहुंचा और गाली-गलौज की. पुलिस ने अंकित घोषी, सूरज अहिरवार, अलहान खान, को गिरफ्तार किया है. पूछताछ में आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया.

# विकास परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 18 नवम्बर. सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने विकासखंड जखौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़वार में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत लगभग 5 करोड़ रुपये की बहु प्रतीक्षित विकास परियोजनाओं का विधिवत लोकार्पण किया गया.**




इन परियोजनाओं में सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति सुधार, सामुदायिक भवनों का विकास, स्ट्रीट लाइटें, स्वच्छता एवं अन्य जनसुविधा से जुड़े कार्य प्रमुख हैं. इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम पंचायत में विकास की गति तेज होगी और ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा. विशिष्ट अतिथि देशपत कुशवाहा, श्यामबिहारी कौशिक, सुरेन्द्र रजक, बीडीओ सौरभ बरनवाल, ग्राम पंचायत प्रधान अनुपम चौबे, जितेंद्र रिछारिया, ग्राम पंचायत सचिव ब्रह्मकुमार रिछारिया मौजूद रहे. विधायक ने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही है और आने वाले समय में भी विकास की यह श्रृंखला लगातार जारी रहेगी.

## लूटपाट का आरोप

**ललितपुर.** आटा चक्की की दुकान में घुसकर लूट की घटना को अंजाम देकर लाठी-डंडों का भय दिखाकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है. इस प्रकरण में मजरा गुजरातन में रहने वाले केहर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है. बताया कि जब वह घर में था, तभी गांव के दबंग लोगों ने एकराय होकर जमीनी रंजिश को लेकर आये-गालियां देते हुये आटा चक्की की दुकान में घुस गए. आरोप है कि दुकान में पिसाई का रखा करीब 700 रुपया लूटकर लाठी-डंडों का भय दिखाने लगे. खेत से लौट रहे कृपाल सिंह ने उन्हें देखा और ललकारा था.

# विमं ने निकाली वाहन रैली



नवभारत न्यूज

**सागर 18 नवम्बर. विद्युत बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से समाधान योजना 25-26 लागू की गई है.**

योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शहर संभाग सागर द्वारा वाहन रैली निकाली गई. इस दौरान कार्यपालन यंत्री शहर संभाग इमरान खान, अधीक्षण यंत्री चंद्ररेखा प्रभाकर, श्रीमती शांति परते, मनोज रौतेले, वीरेंद्र परते आदि ने वाहन रैली को हरी झंडी दिखाई.

इस दौरान कृष्णा पटेल,लखन लाल अहिरवार, शैलेश सुमन, मुकेश मंडलोई, अजीज खान, नीरज खरे, मीनल पंत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे.



# देहदानी को गार्ड ऑफ ऑनर

नवभारत न्यूज

**सागर 18 नवम्बर. बीएमसी में स्व. रतन सिंह कुर्मी के परिजनों ने उनका पार्थिव शरीर शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य हेतु एनाटॉमी विभाग को समर्पित किया.**

महाविद्यालय प्रशासन ने स्व. रतन सिंह कुर्मी को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया. परिवार की इच्छा के अनुसार देहदान की यह प्रक्रिया पूर्ण सम्मान के साथ संपन्न हुई. उल्लेखनीय है कि स्व. कुर्मी ने देहदान हेतु अपना पंजीकरण कराया था, उनके निधन के बाद 70 घंटे के भीतर देहदान की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी की गई. डीन डॉ. पी. एस. ठाकुर ने कहा कि समाजोपयोगी कार्य के लिए महाविद्यालय सदैव उनका आभारी रहेगा.

विभागाध्यक्ष ने भी परिवार का धन्यवाद करते हुए देहदाता को श्रद्धांजलि अर्पित की.बताया गया कि शासन के आदेश उपरांत यह महाविद्यालय में दिया गया पहला देहदान है, जिसे गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया.

## मतदाता सूची को शुद्ध व पारदर्शी बनाना : एसडीएम

**बीना.** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ रेखा बरेठिया ने स्वागत उद्बोधन दिया. एसडीएम विजय डेहरिया ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाना है. उन्होंने समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों से एस आई आर हेतु बीएलओ द्वारा भरवाए जा रहे है. मास्टर ट्रेनर डॉ एमएल सोनी ने गणना पत्रक भरने के बारे में जानकारी प्रदान की. मतदाता जागरूकता अभियान प्रभारी मोहम्मद रफीक शेख ने बताया कि महाविद्यालय में एस आई आर और नवीन मतदाताओं के लिए विशेष शिविर लगाया जाएगा.

# गौर सप्ताह के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 18 नवम्बर. मध्य प्रदेश के प्रथम विश्वविद्यालय सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक शिक्षाविद् एवं प्रख्यात विधिवेत्ता, संविधान सभा के सदस्य एवं दानवीर डॉ. सर हरीसिंह गौर के 156वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य मे 19 नवंबर से 26 नवंबर तक गौर उत्सव का आयोजन किया जा रहा है.**

विवि अतिथि गृह के सम्मेलन कक्ष में आयोजित पत्रकार-वार्ता मे कुलपति प्रो. वाय एस ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालय एक सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है. उन्होंने कहा कि डॉ. गौर को सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न दिलाने के लिए विश्वविद्यालय का प्रयास जारी है. उन्होंने कहा कि डॉ. गौर को भारत रत्न मिले, इसके लिए विश्वविद्यालय लगातार प्रयास कर रहा है, डॉ गौर को भारत रत्न दिलाने संबंधी प्रयासों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोग इसके लिए पूर्ण प्रयासरत हैं. सांस्थानिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रयासों से हम डॉ. गौर को देश का सर्वोच्च सम्मान दिलाने में हम जरूर सफल हो सकते हैं.

आयोजन के मुख्य समन्वयक प्रो. आशीष वर्मा ने सात दिवसीय आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और 19 से 26 नवम्बर तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परंपरानुसार शोभायात्रा निकाली जायेगी और गौर जयंती मुख्य समारोह विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण में आयोजित होगा. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के न्यायमूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा होंगे. गौर अतिथि के रूप में सांसद डॉ. लता वानखेड़े, कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व कैबिनेट मंत्री गोपाल भार्गव, विधायक शैलेंद्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया एवं राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रो. जी.एस. वाजपेयी उपस्थित रहेंगे. अध्यक्षता कुलाधिपति कन्हैयालाल बेरवाल करेंगे तथा सारस्वत उद्बोधन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर का होगा. प्रो. वर्मा ने बताया कि गौर जयंती के दिन विश्व के सर्वश्रेष्ठ दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल विश्वविद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा, इस वर्ष से गौर पीठ के तहत प्राप्त दान राशि से सिंगल गर्ल चाइल्ड और दिव्यांग श्रेणी में स्नातक प्रथम वर्ष के एक-एक मेधावी विद्यार्थियों को अध्ययन जारी रखने हेतु आर्थिक सहायता के रूप में पचीस हजार रूपये एक मुश्त राशि प्रदान की जायेगी.

# सुविधा शुल्क के नाम पर मंडी कर्मचारी कर रहे वसूली, नहीं दे रहे रसीद

नवभारत न्यूज
(मुकेश कौशिक)

**खुरई 18 नवम्बर. पुरानी गल्ला मंडी स्थित सब्जी विक्रेताओं से हो रही है सुविधा शुल्क के नाम पर अवैध वसूली, फुटपाथों और हाथ ठेलो पर कौन सब्जी बेचता है जो गरीबी और गुरवत का जीवन जी रहा है.**



सुविधा शुल्क के नाम पर किसी से 20 रूपया किसी से 100 रूपया तो टेंपो वालों से 2 सौ 50 रूपया वसूल करते हैं. यह नियम विरुद्ध वसूली निरंतर कृषि मंडी कर्मचारियों के द्वारा की जा रही है जो गेट पर तैनात रहते हैं, सबसे महत्वपूर्ण विषय यह है कि उन्हें वसूल की गई राशि की कोई रशीद नहीं दी जाती है.अनेक वर्षों से कृषि मंडी के कर्मचारियों

सुबह-सुबह सैकड़ों पुरुष, महिलाए परिवार का पालन-पोषण करने के उद्देश्य से पुरानी गल्ला मंडी स्थित आड़तियों से रोक में सब्जी क्रय करते हैं, जब वह टेंपो, हाथ ठेलो या साइकिल से लेकर मंडी गेट पार करते हैं तब उनसे द्वारा सब्जी विक्रेताओं से अवैध वसूली का गोरखधंधा चरम पर चल रहा है. टेंपो वाले चालक सलमान ने बताया कि उससे सोमवार के दिन ढाई सौ रूपया लिए गए थे, उसने यह भी बताया कि कोई रसीद भी नहीं दी गई थी, सलमान ने गेट पर मौजूद कर्मचारी और भीतर बैठे बाबू की और इशारा करके बताया कि रूपया इन्होंने लिए थे. आखिर सवाल यह उठ रहा है कि जब सब्जी बेचने वालों से रूपया लिया जा रहा है तो रसीद क्यों नहीं दी जा रही है. सचिव और प्रशासन की उदासीनता से अवैध वसूली का धंधा चल रहा है.

मंगलवार के दिन जब हमारे नवभारत के संवाददाता सब्जी मंडी पहुंचते हैं और हकीकत से रूबरू होते हैं तब यह सारा माजरा सामने आता है. बताया गया कि जब मीडिया ने इस गोरखधंधे को अपने कैमरे में कैद करना प्रारंभ किया तो अवैध वसूली करने वाले कर्मचारी इधर-उधर होकर गेट से निकलने वालों से इशारा कर बिना सुविधा शुल्क के जाने को कहते रहे और वसूली बंद कर दी. एक महिला जो 50-50 के दो नोट निकाल कर मौजूद कर्मचारियों को देने को आगे आती है तो मीडिया के मौजूद रहने से उसे इशारा कर पैसे लेने से इंकार कर देते हैं जबकि उक्त महिला से प्रतिदिन राशि ली जा रही थी. इसके पूर्व एक कर्मचारी चित्र में स्पष्ट रूप से टेम्पो वाले से राशि लेते नजर आ रहा है, आखिर किसकी सहमति से सब्जी बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वालों से अवैध रूप से वसूली की जा रही है यह हर जगह चर्चा का विषय बना हुआ है. शिक्षित से लेकर अनपढ़ भी यह बखूबी समझ रहा है कि बिना रशीद के वसूल की जा रही राशि का कहीं न कहीं मंडी के कर्मचारियों में बंदरबाट हो रहा है. कृषि मंडी में पदस्थ पुष्पराज सिंह को सबसे ज्यादा परेशानी है कि मीडिया वाले इस मामले को इतना क्यों उछाल रहे है, उसका तर्क भी अजीब है कि वसूली गई राशि की बाद में रशीद काट देते हैं.


# कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2025-26/34 — -:: सूचना ::- — सागर दिनांक: 14/11/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1321/25-26 | अंबेडकर | रजि. बैनामा शपथ पत्र | अमन पिता मुन्नालाल पटेरिया | आरती पति धीरज कोरी |
| 2. | 1322/25-26 | शिवाजी | रजि. बैनामा शपथ पत्र | नगर निगम सागर द्वारा राजस्व अधिकारी नगर निगम सागर | शैलेष कुमार पिता भगवानदास जैन |
| 3. | 1323/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा शपथ पत्र | प्रकाश पिता स्व. शिवशंकर चौबे | रश्मि पुत्री बाबूलाल जड़िया |
| 4. | 1324/25-26 | दयानंद | मृत्यु प्रमाण पत्र,शपथ पत्र | स्व.पार्वती पति स्व.भगवानदास ठाकुर | पुष्पा बाई पति स्व. रज्जू एवं राकेश तथा सीमा |
| 5. | 1325/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा शपथ पत्र | प्रकाश पिता स्व. शिवशंकर चौबे | आलोक पिता मनमोहन एवं सुभा पति आलोक जड़िया |
| 6. | 1326/25-26 | सूबेदार | रजि. बैनामा शपथ पत्र | जन्मजय प्रापर्टी एंड डेब्ल.द्वारा अरविंद पिता डालचंद साहू | मंजू पति राम मनोहर कौशिक |
| 7. | 1327/25-26 | शिवाजी | रजि. बैनामा शपथ पत्र | मिथलेश पति स्व. धर्मेंद्र एवं कार्तिक पिता स्व. धर्मेंद्र यादव | ममता पति मुकेश रजक |
| 8. | 1328/25-26 | कृष्णगंज | मृत्यु प्रमाण पत्र, रजि.बैनामा शपथ पत्र | श्याम सुंदर पिता भागीरथ यादव | मयंक, प्रियंक, नीलम, नीतू, निशा एवं रंजीता सभी पिता स्व.मिट्ठूलाल यादव |
| 9. | 1329/25-26 | बाघराज | रजि.बैनामा शपथ पत्र | मेसर्स आसन एजुकेट एंड इन्फ्राकॉन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा आदित्य एवं आकाश सिंह दोनों पिता गोविंद सिंह राजपूत | ऋचा/समीर बलैया |
| 10. | 1330/25-26 | बाघराज | रजि.बैनामा शपथ पत्र | मेसर्स आसन एजुकेट एंड इन्फ्राकॉन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा आदित्य एवं आकाश सिंह दोनों पिता गोविंद सिंह राजपूत | सोमू पति मनीष कुमार सेन |

कृते आयुक्त नगर पालिक निगम सागर